# “महोबा पुलिस”

दिनांकः- 20.10.2020

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## *तहसील दिवस/समाधान दिवस पर सुनी गयी जनसमस्यायें*

आज दिनांक 20.10.2020 को तहसील दिवस/समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील महोबा में जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा तहसील दिवस/समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया, इसी प्रकार जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुए तथा समस्याओं के निस्तारण को सुनिश्चित किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका उसके लिये सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर दिये गये निर्देशों का भली-भांति अवलोकन कर लें और उनका अनुपालन कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें तथा निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण न होने और शिकायतकर्ता के असंतुष्ट होने पर कार्रवाही की जायेगी।





# कुलपहाड पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/शातिर अपराधियों की धरपकड अभियान के क्रम में कल दिनाँक **19**.10.2020 को प्रभारी निरीक्षण थाना कुलपहाड श्री अनूप दूबे द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 अनुराग पाण्डेय ने मय हमराही कर्मचारी गण की मदद से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 291/2020 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त (1) रमेश कुमार अहिरवार पुत्र श्री बिछ्छू अहिरवार निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा को बस स्टैण्ड राठ रोड से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालय भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1.रमेश कुमार अहिरवार पुत्र श्री बिछ्छू अहिरवार निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

**(1)** उ अनुराग पाण्डेय 0नि0

**(2)** कांसंदीप मौर्या 0

**(3)** महिला कां दिव्या 0






महोबा पुलिस

# कबरई पुलिस टीम ने भारी मात्रा में नकली ठेका की शराब व स्प्रिट के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अवैध/अपमिश्रित शराब का निर्माण/बिक्री/तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कबरई पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। जब प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री दीपक कुमार पांडेय द्वारा गठित की गयी टीम द्वारा कल दिनांक 19.10.20 को अभियुक्त झल्लू शिवहरे पुत्र स्व कंधी शिवहरे निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जिला महोबा उम्र करीब 60 वर्ष ग्राम रिवई से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से प्राप्त **50** पेटी नकली ठेका की शराब व एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब **40** लीटर स्प्रिट व **467** खाली शीशी व **36** खाली गत्ते शराब बरामदगी की गयी जिसके आधार पर थाना हाजा मु.अ.सं. 265/2020 धारा 60(क) **EX ACT** व 272 भादवि बनाम 1. झल्लू शिवहरे पुत्र स्व कंधी शिवहरे निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जिला महोबा उम्र करीब 60 वर्ष 2.अशोक शिवहरे पुत्र झल्लू शिवहरे निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जिला महोबा 3. दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही थाना पुलिस द्वारा सम्पादित की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र 2. उ. नि. सुरेश सिंह 3. हे.कां. सुरेन्द्र सिंह
4. कां धर्मेन्द्र कुमार 5. कां हरिओम

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता** - झल्लू शिवहरे पुत्र स्व कंधी शिवहरे निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई जिला महोबा उम्र करीब 60 वर्ष।

**बरामदगी :-** **50** पेटी नकली ठेका की शराब व एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब **40** लीटर स्प्रिट व **467** खाली शीशी व **36** खाली गत्ते।



# अजनर पुलिस ने हत्या के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनाँक 20/10/2020 को प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम के माध्यम से थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 176/2020 धारा 147/148/149/302/404/504/506 भादवि के वांछित अभियुक्त लोचन पुत्र स्व जमुनाप्रसाद राजपूत उम्र 55 वर्ष को एक अदद राड लोहा पाईप आल्हाकत्ल के साथ मवइया तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के आदतन अपराधी है तथा पूर्व में भी इनके विरुद्ध मकदमें पंजीकृत हैं।

## गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री शशि कुमार पाण्डेय थाना अजनर जनपद महोबा

2.उ.नि. राजेश कुमार प्रजापति चौकी प्रभारी धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा

3.का. राममिलन 4.का. हरेन्द्र कुमार 5.का.बलजीत सिंह थाना अजनर जनपद महोबा

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. लोचन पुत्र स्व जमुनाप्रसाद राजपूत निवासी ग्राम अकौनी थाना अजनर जिला महोबा उम्र 55 वर्ष

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त लोचन पुत्र स्व जमुनाप्रसाद राजपूत निवासी ग्राम अकौनी थाना अजनर जिला महोबा उम्र 55 वर्ष

1.मु.अ.सं. 202/2017 धारा 452/323/504/506 भादवि व 3(1)द,ध, 3(2)5एससी/एसटी एक्ट

2. मु0अ0सं0 176/2020 धारा 147/148/149/302/404/504/506 भादवि



दिनांकः- 20.10.2020

# “महोबा पुलिस”

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## महोबकंठ पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के क्रम में आज दिनाँक 20.10.2020 को थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री आनन्द कुमार द्वारा गठित टीम के माध्यम से थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 156/2020 धारा 452/352/504/506 भादवि व मु0अ0सं0 157/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का वांछित अभियुक्त देवीदीन पुत्र मुन्नीलाल रैकवार उम्र 22 वर्ष को धवारमोड से गिरफ्तार करते हुये मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 कमलेश कुमार
2. कां0 प्रद्युम्न कुमार
3. कां0 विकास कुमार थाना महोबकंठ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

देवीदीन पुत्र मुन्नीलाल रैकवार उम्र 22 वर्ष निवासी- छितरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा।



दिनांकः- 20.10.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## महाभियान "मिशन शक्ति" के तहत आज GGIC में उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्मान के लिये दिलायी गयी शपथ

बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिये ***मिशन शक्ति*** अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत आज दिनांक 20.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर श्रीमती रचना राजपूत, नोडल अधिकारी मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा व सम्मान) व श्रीमती सुषमा चौधरी, प्रभारी महिला थाना महोबा के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उ.प्र.शासन तथा उ.प्र.पुलिस के महाभियान **#मिशनशक्ति** के तहत राजकीय बालिका इण्टर कालेज में आयोजित समारोह में उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं को सुरक्षित एवं सशक्त बनने के लिए शपथ दिलायी गयी तथा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए जागरुक किया गया, तत्क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान हुते महिला हेल्पलाइन नम्बर- 1090, 181, 112 एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुये महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

आयोजित गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी श्री हीरा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जीजीआईसी की प्रिन्सिपल श्रीमती सरगम खरे, महिला कल्याण अधिकारी प्रिया गुप्ता व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।









# “महोबा पुलिस”

दिनांकः- 20.10.2020

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक



आज दिनाँक 20.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के पर्यवेक्षण में समस्त थानों द्वारा “मिशन शक्ति” अभियान के तहत थाना अजनर द्वारा क्षेत्र में पैदल गस्त करके महिलाओं/बालिकाओं को आत्म-निर्भर/स्वावलंबन का पाठ पढ़ाया गया एवं उन्हे महिला हेल्पलाइन 1090/181/112 की जानकारी दी गई एवं उनके कानूनी अधिकारो से भी अवगत कराया गया तथा उनके आत्म-सम्मान को बढ़ाया गया।



मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

# कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 2730/-रू0 का जुर्माना एवं यातायात नियमो के तहत किये गये ई-चालान

आज दिनाँक 20.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई । जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 26 व्यक्तियों से 2730/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर **32 ई-चालान** भी किया गया ।

दिनांकः- 20.10.2020

# “महोबा पुलिस”

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत समस्त थानों में आयोजित की गई W-10 की गोष्ठी



आज दिनाँक 20.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाने में मिशन शक्ति के तहत W-10 की गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र की कम से कम 10 महिलाऐं, जैसे आंगनबाड़ी सदस्य,शिक्षा-मित्र, आशा-बहू, ग्राम-प्रधान आदि सम्भ्रान्त महिलाऐं शामिल रही। जिनको मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए बालिकाओं/महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनको उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला-हेल्पलाइन 1090/181/112 को भी साझा किया गया। गोष्ठी में बताया गया कि किसी भी प्रकार समस्या होने पर तुरन्त 24 घन्टे कभी भी हेल्प लाइन नं0 पर सम्पर्क करें। लोगो को साइबर अपराध से बचने के लिए भी जरुरी जानकारी प्रदान की गई।







# दिनांकः- 20.10.2020 "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

महोबा पुलिस

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

अरुण कुमार श्रीवास्तव (IPS)
पुलिस अधीक्षक, महोबा।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे उ0प्र0 शासन/ उ0प्र0 पुलिस के महाभियान "मिशन शक्ति" के तहत श्रीमती रचना राजपूत, नोडल अधिकारी मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा व सम्मान) व श्रीमती सुषमा चौधरी, प्रभारी महिला थाना महोबा के नेतृत्व में राजकीय बालिका इण्टर कालेज में आयोजित "मिशन शक्ति" कार्यक्रम के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान हेतु जारी महिला हेल्पलाइन नम्बर- 1090, 181, 112 एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुये महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।






सोशल मीडिया सेल 7839857330 @mahobapolice SP Mahoba